प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपाई सोरेन ने नयी पार्टी बनाने की घोषणा की, समान विचारधारा वालों से हाथ मिलाने का विकल्प भी रखा खुला।**
2. **कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ रांची समेत देश भर में डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन जारी, झारखंड में कामकाजी महिलाओं के लिए की गयी सुरक्षा की जांच शुरु।**
3. **चाईबासा की एक अदालत ने नाबालिग बच्ची के साथ दुश्कर्म के मामले में आरोपी को बीस वर्श सश्रम कारावास की सजा सुनाई।**
4. **झारखंड हाईकोर्ट ने जमीन घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को दी जमानत, लेकिन एक अन्य मामले में अभी जेल में ही रहना होगा।**
5. **जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान के बाद लापता ट्रेनी विमान की तलाश जारी, एनडीआरएफ के बाद अब नेवी से सहयोग लेने की तैयारी।**

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने साफ कर दिया है कि वह राजनीति से संन्यास नहीं लेंगे। आज उन्होंने सरायकेला–खरसांवा स्थित अपने पैतृक गांव जिलिंगगोड़ा में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह अलग पार्टी बनाएंगे और अगर कोई समान विचारधारा वाला साथी मिला तो मिलकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने साफ किया कि वे अपने स्टैंड पर कायम हैं।

****

कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ रांची समेत देशभर में चिकित्सकों का विरोध प्रदर्शन जारी है। इधर रांची स्थित रिम्स में जूनियर डॉक्टर्स की हड़ताल आज नौवें दिन भी जारी रही। इस दौरान ओपीडी सेवा से लेकर सर्जरी तक बंद है, जिससे मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सिर्फ इमरजेंसी सेवा ही गंभीर मरीजों को मिल रही है। दूसरी ओर एआरटी सेंटर, डाट सेंटर और बच्चों के इम्यूनाइजेशन सेंटर को खोल दिया गया है।

****

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद पूरे झारखंड में कामकाजी महिलाओं के लिए की गयी सुरक्षा की जांच शुरु कर दी गयी है। सुरक्षा जांच के दायरे में सभी अस्पतालों, नर्सिंग कॉलेजों, महिला छात्रावासों को रखा गया है। रांची में सुरक्षा सर्वे का कार्य शुरु किया गया है। जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि जिन संस्थानों में महिलाएं काम करती हैं, वहां के सुरक्षा इंतजाम की समीक्षा की जा रही है।

****

चाईबासा की एक अदालत ने नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आज आरोपी को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। मामला किरीबुरू थाना क्षेत्र का है, जहां 31 मार्च

2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिला प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपी को साक्ष्य के आधार पर दोषी पाया एवं उसे 20 वर्ष सश्रम कारावास की कठोर सज़ा सुनाई। साथ ही साथ उसपर 20 हजार रुपए का अर्थ दंड भी लगाया गया है।

****

जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को आज हाईकोर्ट ने जमानत दे दी। चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन के फर्जीवाड़े से जुड़े मामले में उनकी ओर से दायर जमानत याचिका पर अदालत ने फैसला सुनाया। हालांकि वे जमानत मिलने के बाद भी एक अन्य केस में जेल में ही रहेंगे। पिछले वर्ष चार मई को ईडी ने छवि रंजन को गिरफ्तार किया था।

****

राज्य सरकार की कथित युवा विरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा युवा मोर्चा की ओर से 23 अगस्त को रांची के मोराबादी मैदान में आक्रोश रैली आयोजित की गई है। इस सिलसिले में आज रांची स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय से प्रचार रथ रवाना किया गया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि राज्य का युवा आज सरकार की नीतियों से निराश है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में नियुक्ति प्रक्रिया में घोर अनियमितता बरती जा रही है।

****

जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान के बाद लापता ट्रेनी विमान को खोजने के लिए अब नेवी को बुलाया गया है। आज दिन भर एनडीआरएफ की टीम चांडिल डैम में विमान की खोजबीन करती रही लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। दरअसल, डैम का जलस्तर काफी ज्यादा है। इसकी वजह से लापता विमान को ट्रेस करना मुश्किल हो रहा है। गौरतलब है कि कल सुबह सोनारी एयरपोर्ट से उड़ान भरने के करीब 50 मिनट बाद ही विमान का एटीसी से संपर्क टूट गया था।

****

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 23 अगस्त को देशभर में मनाया जाएगा। इस मौके पर नयी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह का उदघाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। नई दिल्ली में आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले साल इसी दिन चंद्रयान 3 मिशन ने चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग पूरी कर इतिहास रचा था।

****

साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए बोकारो जिले में कई स्तरों पर उपाय किये जा रहे हैं। इस कड़ी में जिले के इस्पात नगर में साइबर थाना खोला गया है।

****

मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए अभियंताओं की विशेष टीम गठित करने का निर्देश ग्रामीण कार्य विभाग को दिया है। यह टीम केन्द्र सरकार से पीएमजीएसवाई की योजनाओं की स्वीकृति और आवंटन कराने के लिए समन्वय का काम करेगी। जेएसआरआरडीए अपने अधीनस्थ इंजीनियरों को इसके लिए प्रतिनियुक्त करेगा।